भारत सरकार

पेयजल एवं स्वच्छता मंत्रालय

राज्य सभा

अतारांकित प्रश्न सं० 3876

दिनांक 02.04.2018 को उत्तर दिए जाने के लिए

स्वच्छ भारत मिशन के तहत निधि

3876. डा. प्रदीप कुमार बालमुचूः

क्या **पेयजल और स्वच्छता मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) झारखंड राज्य में चलाए जा रहे स्वच्छ भारत मिशन (एसबीएम) कार्यक्रमों का ब्यौरा क्या है;

(ख) राज्य में स्वच्छ भारत मिशन कार्यक्रम के तहत शौचालयों का निर्माण करने के लिए जारी निधि का ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या झारखंड सरकार ने राज्य में शौचालयों का शीघ्र निर्माण करने के लिए सरकार से निधि/अनुदान जारी करने का अनुरोध किया है; और

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

राज्य मंत्री, पेयजल एवं स्वच्छता मंत्रालय

(श्री रमेश चंदप्पा जिगाजिनागी)

(क) स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) की शुरूआत 2 अक्तूबर, 2014 को हुई थी जिसका लक्ष्य 2 अक्तूबर, 2019 तक स्वच्छ भारत की प्राप्ति करना है। सभी बीपीएल परिवारों को और पहचान किए गए गरीबी रेखा से ऊपर (एपीएल) के परिवारों को 12,000 रूपए तक (राज्य के शेयर सहित) शौचालय के निर्माण हेतु प्रोत्साहन उपलब्ध कराया गया है। इसके अलावा, ठोस एवं तरल अपशिष्ट पदार्थ प्रबंधन (एसएलडब्ल्यूएम) के लिए निधि भी उपलब्ध कराई गई है बशर्ते कि 150/300/500 या 500 से अधिक परिवारों वाली ग्राम पंचायतों के लिए क्रमश: 7/12/15/20 लाख रूपए की सीमा लागू हों। एसबीएम (जी) की शुरूआत में 02.10.2014 के अनुसार, झारखंड में स्वच्छता कवरेज 26.55% था। दिनांक 26.03.2018 के अनुसार, यह कवरेज बढ़कर 72.21% हो गया। दिनांक 02.10.2014 को एसबीएम (जी) के शुरूआत में झारखंड में कुल 22,89,119 वैयक्तिक पारिवारिक शौचालयों का निर्माण किया गया। इसके अतिरिक्त, मनरेगा के अंतर्गत, 58,794 शौचालयों का निर्माण किया गया। 29,647 गांवों में से, अब तक 12,397 (41.82%) गांवों को ओडीएफ घोषित किया गया है। इसके अलावा, 71 ब्लॉकों और 4 जिलों को भी ओडीएफ घोषित किया गया है।

(ख) से (घ) स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) के अंतर्गत घटक-वार निधियां जारी नहीं की जाती हैं। पिछले तीन वर्षों और वर्तमान वित्तीय वर्ष के दौरान झारखंड को जारी निधियां निम्नानुसार हैं:-

क्र.सं	वर्ष	जारी निधियां (करोड़ रूपए में)
1	2014-15	23.05
2	2015-16	97.32
3	2016-17	455.46
4	2017-18 (26.3.2018 तक)	680.04